जीविका
गरीबी निवारण हेतु बिहार सरकार की पहल

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति
राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार

JEEVIKA

बिहार सरकार

प्रथम तल, विद्युत भवन -2, बेली रोड, पटना – 800 021, दूरभाष :+91-612-250-4980, फैक्स : +91-612-250 4960, ईमेल : info@brlp.in, वेबसाईट : www.brlp.in

पत्रांक: BRLPS/LSBA-BSH/16/17/66 दिनांक: 25.05.2017

**संशोधित पत्र**

प्रेषक,

**बालामुरूगन डी., भा0प्र0 से0,**
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-मिशन निदेशक,
लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, पटना।

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष,**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार।

विषय : **जिला में प्रतिनियुक्त जिला स्वच्छ भारत प्रेरक (ZSBP) एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों को आवश्यक सहयोग/सुविधा प्रदान करने के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के बेहतर कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु भारत सरकार द्वारा TATA TRUST के माध्यम से सभी जिलों में जिला स्वच्छ भारत प्रेरकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

प्रतिनियुक्त सभी जिला स्वच्छ भारत प्रेरक जिला स्तर पर SBM (G) / LSBA के क्रियान्वयन हेतु रणनीति तैयार करने एवं कार्य की अनुश्रवण में जिला स्तरीय LSBA टीम को सहयोग करेंगे। इस परिस्थिति में यह आवश्यक है कि सभी प्रतिनियुक्त/पदस्थापित जिला स्वच्छ भारत प्रेरकों को LSBA के कार्य हेतु जिला एवं प्रखण्ड सतर पर अपेक्षित सहयोग एवं बुनियादी न्यूनतम सुविधाऐं मुहैया करायी जाय। जिला स्वच्छ भारत प्रेरक को जिला स्तर पर कार्य करने हेतु एक सुविधायुक्त (working environment) के अनुरूप स्थान दिया जाय। जिला स्वच्छ भारत प्रेरक द्वारा LSBA के कार्य का अनुश्रवण हेतु क्षेत्र/स्थल भ्रमण भी किया जायेगा अत: इस हेतु प्रत्येक माह में आवश्यकतानुसार वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाय ~~सकती है~~। इस पर होने वाले व्यय को SBM (G) के Admin मद से भुगतान किया जायेगा।

अत: अनुरोध है कि जिला स्तर पर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान कोषांग हेतु आवश्यक न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

(बालामुरूगन डी.)

ज्ञापांक : BRLPS/LSBA - BSH/16/17/66 दिनांक : 25.05.2017

प्रतिलिपि – सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष/सभी निदेशक, लेखा-सह-सदस्य सचिव / सभी जिला समन्वयक, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(बालामुरूगन डी.)

ज्ञापांक : BRLPS/LSBA - BSH/16/17/66 दिनांक : 25.05.2017

प्रतिलिपि – सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

(बालामुरूगन डी.)